आदेश

सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2024 से संबंधित प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन हेतु कक्षाओं का संचालन दिनांक 01.09.2024 से प्रस्तावित है। उक्त के क्रम में संस्थागत समस्त प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष लेटरल एन्ट्री के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को आदेशित किया जाता है कि वे सभी अपने विभाग के विभाग प्रभारी से तत्काल प्रभाव से संपर्क स्थापित करते हुए स्वयं से संबंधित कक्षाओं में उपस्थित रह कर पठन-पाठन करना सुनिश्चित करें। उक्त के परिप्रेक्ष्य में यदि किसी छात्र/छात्रा की कक्षा में उपस्थिति नगण्य/कम रहती है तो संबंधित छात्र/छात्रा के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी एवं उक्त के अभाव में समस्त शासकीय योजनाओं के लाभों से वंचित रह जायेगा। साथ ही आगामी सेमेस्टर परीक्षा से भी वंचित रह जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित छात्र/छात्रा की होगी।

(मुकेश जैन)
प्रधानाचार्य

कार्यालयः- प्रधानाचार्य, एम0एम0आई0टी0, औरैया।

पृ0सं0- 670-75 /शैक्षणिक/2024-25 दिनांकः- 28/08/2024

प्रतिलिपिः-

1. शैक्षणिक अधिकारी/प्रभारी संस्थागत को इस निर्देश के साथ कि आप संस्थागत समस्त विभाग प्रभारियों से समन्वय स्थापित करते हुए संस्थागत प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष लेटरल एन्ट्री के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं से संबंधित कक्षाओं का प्रभावी संचालन कराना सुनिश्चित करें।
2. श्री अरविन्द कुमार, व्या0 भौतिक/विभाग प्रभारी प्रथम वर्ष को इस निर्देश के साथ कि वे संस्थागत प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं से संबंधित कक्षाओं का प्रभावी संचालन कराते हुए सतत् अनुश्रवण करेंगे।
3. समस्त संकाय सदस्यों (प्रथम वर्ष से संबंधित) के मध्य चक्रीकृत एवं अनुपालनार्थ।
4. संस्थागत समस्त नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के मध्य चक्रीकृत एवं अनुपालनार्थ।
5. संस्थागत नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6. छात्रलिपिक संस्थागत।

(मुकेश जैन)
प्रधानाचार्य

Scanned with OKEN Scanner